**प्रसार भारती**
**भारतीय प्रसारण निगम**
**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**
**12.08.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

## "आज के मुख्य समाचार"

- अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह शिमला में आयोजित– मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए युवाओं से मांगा सहयोग।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में जल्द शुरू होगा शिक्षण कार्य।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– सुक्खू सरकार की लापरवाही से हिमाचल में रेल परियोजनाएं हुईं प्रभावित।
- भारतीय सेना और सिविलियन बाईक राइडर्स का दल शिमला से काजा रवाना– 15 अगस्त को लेपचा में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज।
- मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान 7 ज़िलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

**अब समाचार विस्तार से..........**

### विश्व युवा दिवस

आज अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस है। इस उपलक्ष्य पर मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय समारोह शिमला में आयोजित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के युवाओं से नशे से दूर रहने और प्रदेश को नशामुक्त बनाने के प्रयासों में अपना सक्रिय सहयोग देने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं ऐसे में उन्हें सामाजिक बुराइयों से दूर रखने और सजग रहने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं।

***और युवा देश का भविष्य है, युवा सजग रहे, युवा नशे की प्रवृत्ति से दूर रहे और नशे के प्रति समाज को भी जागरूक करने का दायित्व व युवा कंधों पर आ पड़ा है और निश्चित तौर पर इस रैली का आयोजन आज किया जा रहा है, जिसमें 5 किलोमीटर तक की बेटियों ने भी और हमारे युवा साथियों ने भी इसमें दौड़ लगाई है, यहां नशे के खिलाफ छात्रों द्वारा शुरू की गई है कि नशे से दूर रहे, एक समृद्ध हिमाचल, एक समृद्ध भारत का निर्माण हो, इस दृष्टिकोण से इस रैली का आयोजन किया जा रहा है और एडस के प्रति जागरूकता पैदा करने की दृष्टि से भी इसका आयोजन किया गया है।***

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 12 अक्तूबर तक चलने वाले एच.आई.वी. जागरूकता अभियान का शुभारंभ भी किया। ये अभियान राज्य के 6 हज़ार गांवों और 15 सौ से अधिक शैक्षणिक संस्थानों को कवर करेगा। इस दौरान उन्होंने शिमला में 50 टैक्सी चालकों को कार–बिन वितरित किए और कार्यक्रम में मौजूद लोगों को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और एच.आई.वी. के प्रति जागरूकता शपथ भी दिलाई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने आज सुबह राज्य एड्स कंट्रोल सोसायटी द्वारा शिमला में आयोजित साइकिल रैली और मैराथन को झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल और विधायक हरीश जनारथा भी मौजूद रहे।

### शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि आई.जी.एम.सी. में ईलाज के लिए उपचाराधीन नशे के आदी लोगों को मानसिक रोगियों के साथ नहीं रखा जाएगा। आज शिमला में अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर हिमाचल ज्ञान–विज्ञान समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि इस दिशा में राज्य सरकार कदम उठाएगी। शांडिल ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए साझे प्रयासों की ज़रूरत बताते हुए कहा कि शिमला में सरकारी क्षेत्र में नशामुक्ति केंद्र स्थापित करने के विकल्प तलाशे जाएंगे।

### शिक्षा मंत्री

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि आपदा प्रभावित सराज विधानसभा क्षेत्र में शिक्षण कार्य जल्द शुरू होगा। उन्होंने आज सराज क्षेत्र के निहरी सुनाह पाठशाला और डिग्री कॉलेज लंबा थाच सहित कई

क्षतिग्रस्त शिक्षण संस्थानों का निरीक्षण करने के बाद ये बात कही। शिक्षा मंत्री ने कहा कि हाल ही में आई आपदा के कारण प्रदेश में 5 सौ 23 शिक्षण संस्थान क्षतिग्रस्त हुए हैं, जिनमें से एक सौ 9 पूरी तरह से नष्ट हो गए हैं। रोहित ठाकुर ने कहा कि पूरी तरह से क्षतिग्रस्त स्कूलों के लिए पहले चरण में 16 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है और बरसात खत्म होते ही पुनर्निमाण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि एक किलोमीटर के दायरे में स्थित पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त स्कूलों को समीप के सुरक्षित विद्यालयों में समायोजित किया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने क्षेत्र में बंद पड़ी सड़कों की बहाली में तेज़ी लाने के लोक निर्माण को निर्देश दिए, ताकि सेब बागवानों की फसल समय पर बाज़ार तक पहुंच सके।

## कुलदीप पठानिया

प्रदेश विधानसभा का मॉनसून सत्र 18 अगस्त से शिमला में आयोजित किया जाएगा। सत्र से पहले विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने आज सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस अधिकारियों के साथ एक बैठक की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने बताया कि इस बार एक साल में 35 बैठकों का लक्ष्य पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे सर्वदलीय बैठक बुलाई गई है।

*14वीं विधानसभा का जो है ये इस वर्ष का आखिरी सैशन होगा तो हमारी ये 35 सीटिंगस की जो रिकावायरमैंट है ऐनवल वो हम इस वर्ष पूरी करेंगे। क्यूंकि अब ये हमारी हो जाएगी सात–आठ बचेगीं विंटर सैशन मे वो हम पूरी करें और इस बार 35 सीटिंग का जो रूल है,उसको विधानसभा कार जो है मेरे ख्याल में वीजनेस इतना लाऐगी ताकि हम विधानसभा को 35 दिन चला सकें।*

## जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने आरोप लगाया है कि सुक्खू सरकार की लापरवाही की वजह से हिमाचल में रेल परियोजनाएं प्रभावित हो रही हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार हिमाचल के रेल नेटवर्क विस्तारीकरण में अपने हिस्से के काम में केंद्र के साथ सहयोग नहीं कर रही है, जिसकी वजह से रेल परियोजनाएं लटकी हुई हैं। जयराम ठाकुर ने कहा कि सरकार के इस उदासीन रवैये से हिमाचल की आर्थिकी और औद्योगिकरण को नुकसान हो रहा है। नेता प्रतिपक्ष ने सुक्खू सरकार से प्रदेश की रेल परियोजनाओं को लेकर केंद्र का सहयोग करने का आग्रह किया है, ताकि हिमाचल में बेहतर रेल कनेक्टिविटी का सपना साकार हो सके। उन्होंने कहा कि रेल लाईन के निर्माण के लिए मोदी सरकार ने बजट में कोई कमी नहीं रखी है।

## बाईक रैली

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर भारतीय सेना और सिविलियन 77 बाईक राइडर्स के एक दल को कर्नल स्वप्निल रावत ने आज शिमला से हरी झंडी दिखाकर काजा के लिए रवाना किया। तीन दिवसीय इस बाईक रैली को सैंट्रल कमांड के 8 सौ 71 मीडियम रेजिमेंट और एक सौ 36 इन्फेंटरी बिग्रेडियर ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया है। बाईक राइडर्स का ये दल करीब 4 सौ 50 किलोमीटर का सफर तय कर 15 अगस्त को काजा पहुंचेगा, जहां भारत–तिब्बत सीमा पर लेपचा में राष्ट्रीय ध्वज फहराएगा। राइडर्स ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के दौरान तिरंगा झंडा लेकर भारत–तिब्बत सीमा तक रैली निकालना बेहद उत्साहजनक है।

*मेरा नाम मौसमी कपाड़िया है। मैं मुंबई से हूं बहुत ही ऐक्साईटिड है ये राईड को लेकर सूर्य स्पीति राईड जो आर्मी के साथ हो रहा है। नमस्कार में शताब्दी में भी मुंबई से आई हूं। जहां पर यूजवली सिवीलियनस अलाउड नहीं होते बट हमे ये मौका मिला है तो में यूनो बहुत ही परीवीलियज महसूस कर रहें है एनड ऑलरेडी एक्साईटिड है पहाड़ों से तो हमें प्यार है ही पहाड़ों में खींच के लाती है ऐंड इंडियन आर्मी के साथ तो और भी हिम्मत बढ़ जाती है। मेरा नाम अभिषेक गुप्ता है। और में भी देव भूमि उतराखंड से हूं और हिमाचल आकर मुझे घर जैसा एहसास हो रहा है और बहुत ज्यादा एक्साईटिड हूं। ये रूट मैने पहले भी कई बार किए है लेकिन जो इस बार का अनुभव है वो बहुत अलग है क्यूंकि हम अपने दिल में तिरंगा लेकर चलते ही है लेकिन इस बार बाईकों पे तिरंगा लेकर आर्मी के साथ चलने का सौभग्य प्राप्त हुआ है। इस टाईम का जा एक्सपिरिंयंस है वो बहुत ही अलग है।*

## तिरंगा यात्रा

प्रदेश भर में हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा द्वारा स्वतंत्रता दिवस तक तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कडी में आज राज्यसभा सांसद व प्रदेश भाजपा महामंत्री डॉक्टर सिकंदर कुमार ने दिल्ली स्थित भारत मंडपम में अन्य सांसदों, सेना के जवानों व दिल्ली के आम लोगों के साथ बाईक रैली में हिस्सा लिया। डॉक्टर सिकंदर कुमार ने सभी से तिरंगा यात्राओं का हिस्सा बनने और 15 अगस्त को अपने–अपने घरों में तिरंगा लगाने का आग्रह भी किया। इधर सोलन व धर्मपुर में भाजपा द्वारा निकाली गई तिरंगा यात्रा में शहीदों को याद करते हुए उन्हें श्रद्धा सुमन भी अर्पित किये गये।

## मानसून वर्षा

प्रदेश में मॉनसून की वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। हालांकि आज दिन के समय कई स्थानों पर बारिश का क्रम थमने से लोगों ने राहत की सांस ली है। प्रदेश में लगातार हो रही बारिश से भूस्खलन और पेड़ गिरने की घटनाओं से जनजीवन प्रभावित हुआ है। राज्य आपदा परिचालन केन्द्र की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में भारी वर्षा व भूस्खलन के कारण राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305, कुल्लू के जहेड–खनग और राष्ट्रीय उच्च मार्ग 505 लाहौल–स्पिति में भूस्खलन के कारण बंद है। इसके अलावा 3 सौ 30 सड़कें भी यातायात के लिए अवरूद्ध हैं जबकि एक सौ 98 बिजली ट्रांसफार्मर व एक सौ 41 पेयजल योजनाएं ठप पड़ी हैं। कांगड़ा ज़िले में पौंग बांध से छोड़े गए पानी के कारण कई गांवों में बाढ़ का खतरा उत्पन्न हो गया है। ब्यास नदी के तेज़ बहाव के कारण फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र के मंड एरिया के बड़ूखर को पंजाब के हाजीपुर से जोड़ने वाले पुल से बड़े वाहनों की आवाजाही तत्काल रोक दी गई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा के अनुसार 15 अगस्त तक राज्य के अलग–अलग स्थानों पर भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना है।

***15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश होने की संभावना है। 12 अगस्त को ये संभावना है कि कांगड़ा, मंडी और सिरमौर में भारी से बहुत भारी बारिश हो सकती है। इसके बाद 13 व 14 अगस्त को कुल्लू, मंडी, सोलन, शिमला व सिरमौर में भारी वर्षा का ऑरेंज अलर्ट है। तो ओवर ऑल जो वैदर है 11 से 15 अगस्त तक पूरे प्रदेश में बारिश का दौर जारी रहेगा। अगस्त माह की बात करें तो पूरे प्रदेश में इस महीने 16 प्रतिशत ज्यादा बारिश दर्ज की जा चुकी है।***

## "अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर"

- अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस पर राज्य स्तरीय समारोह शिमला में आयोजित– मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने प्रदेश को नशामुक्त बनाने के लिए युवाओं से मांगा सहयोग।
- शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा–आपदा प्रभावित सराज क्षेत्र के शिक्षण संस्थानों में जल्द शुरू होगा शिक्षण कार्य।
- नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर का आरोप– सुक्खू सरकार की लापरवाही से हिमाचल में रेल परियोजनाएं हुईं प्रभावित।
- भारतीय सेना और सिविलियन बाईक राइडर्स का दल शिमला से काजा रवाना– 15 अगस्त को लेपचा में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज।
- मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों के दौरान 7 ज़िलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट किया जारी।

---